हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 10 दिसंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

****

वैश्विक सॉफ्टवेयर कम्पनी माइक्रोसॉफ्ट भारत में साढ़े 17 अरब डॉलर का निवेश करेगा। इसका उद्देश्य भारत में आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस के विकास के लिए बुनियादी ढ़ांचा, कौशल विकास और अन्य क्षमताएं बढ़ाना है। माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला ने कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। श्री नडेला ने कहा कि भारत की महत्वाकांक्षाओं में सहयोग के लिए माइक्रोसॉफ्ट एशिया में अब तक का सबसे बड़ा निवेश कर रहा है।

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि कम्पनी अगले वर्ष 2026 से लेकर 2029 तक भारत में साढ़े 17 अरब डॉलर का निवेश निवेश करेगी।

****

राज्यसभा में आज राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वें वर्ष पर आगे चर्चा हो रही है।

कल चर्चा की शुरुआत करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रगीत विकसित भारत की ओर देश की यात्रा में हमेशा प्रासंगिक रहेगा। उन्होंने वंदे मातरम पर चर्चा को लेकर सवाल उठाने और इसे पश्चिम बंगाल चुनावों से जोड़ने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। गृहमंत्री ने कहा कि आज भी सीमा पर वीर सैनिक वंदे मातरम के उद्घोष के साथ सर्वोच्च बलिदान करते हैं।

****

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में निर्वाचन आयोग सहित सभी संवैधानिक संस्थाएं अधिक पारदर्शी हो रही हैं। उन्होंने मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण - एसआईआर को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस शासन के विपरीत, पहली बार इन संवैधानिक संस्थाओं में पारदर्शिता बरती जा रही है।

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भी कांग्रेस नेता पर निर्वाचन आयोग के खिलाफ झूठे आरोप लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस चुनाव हारती है तो वह ईवीएम और धांधली का मुद्दा उठाती है।

****

हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पंचकूला की टीम ने भ्रष्टाचार के एक मामले मे पंजाब नैशनल बैंक की मनीमाजरा शाखा के बैंक अधिकारी कुलबीर सिंह को गिरफ्तार किया है।

ब्यूरो का कहना है कि उसके विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर यह गिरफ्तारी की गई।

आरोपी को कल पंचकूला न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने उसको दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। वर्ष 2015 के इस मामले में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, पंचकूला मुख्य प्रशासक के कार्यालय में नियुक्त तत्कालीन सीनियर लेखा अधिकारी
सुनील कुमार बंसल द्वारा कुलबीर सिंह व अन्य से मिलीभगत करके हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों की अनुमति के बिना एच.एस.वी.पी. का बैंक खाता पंजाब नेशनल बैंक की मनीमाजरा, शाखा में खोलने का है। जिसमें
हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के खाते से कुल 46 करोड रू. व एक अन्य खाते से 22 करोड़ 71 लाख 57 हजार रुपए के लगभग राशि अधिकारियों की अनुमति के बिना हस्तांतरित की गई।

राज्य सतकर्ता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने फरार आरोपी संजीव बिन्दल के विरूद्व लुक आऊट सर्कूलर (एल.ओ.सी.) भी जारी कराया है। मामले में तफतीश जारी है।

****

हरियाणा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रयासों से राज्य में इस वर्ष नवंबर माह के दौरान सड़क हादसों, मृतकों और घायलों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है।

हरियाणा के ट्रैफिक एवं मुख्यमरगों को कार्यभार देख रहे अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री हरदीप दून द्वारा पुलिस महानिदेशक, हरियाणा को भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर में राज्य में कुल 867 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि अक्तूबर में यह संख्या 994 थी। इसी प्रकार, मृतकों की संख्या 408 से घटकर 384 और घायलों की संख्या 1084 से घटकर 1016 हो गई।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया की राज्यभर में 11 नवंबर से 25 नवंबर तक पुलिस ने ब्लैक स्पॉट्स की पहचान, सड़कों पर अवैध कटों की जांच, चालान, नशे में वाहन चलाने और ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई सहित विभिन्न गतिविधियां चलाईं गई, जिसके साकारात्मक परिणाम मिले।

****